दिन–गुरुवार दिनांक– 26/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

आज अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस है। यह दिन मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध जागरूकता के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि केन्द्र सरकार मादक पदार्थ के खतरे के खिलाफ संकल्पबद्ध होकर आगे बढ रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार मादक पदार्थ के शिकार युवाओं को सामान्य जीवन जीने की राह पर वापस ला रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि हमें अपने आने वाली पीढ़ियों को नशे की लत से सुरक्षित करने के लिए संकल्प लेना होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर अंकुश लगा कर ही हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इधर, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, पटना प्रक्षेत्र द्वारा इस अवसर पर नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश के अन्तरराजीय मार्गों पर दो सौ निन्यानवे एसी और नॉन एसी बसों का परिचालन शुरू किया जायेगा। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि सरकार के इस फैसले से लोगों को काफी सुविधा होगी। खास कर होली, दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे पर्व पर अपने घर आने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की नौ सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम बिहार दौरे पर है। उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग की अध्यक्षता वाली टीम ने आज पटना में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, पटना और मगध प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से मतदाता सूची की स्थिति, चुनावी प्रक्रिया और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गयी। निर्वाचन आयोग की टीम अगले तीन दिनों तक अलग–अलग प्रमंडलीय मुख्यालयों में बैठक करेगी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ मुंगेर की एक अदालत में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आरोप गठित किया गया है। साथ ही चार अन्य आरोपियों के खिलाफ भी आरोपों का गठन किया गया है। इन सभी पर वर्ष दो हजार चौदह के लोकसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा करने और जुलूस निकालने का आरोप है। श्री चौधरी ने अदालत में पेशी के बाद आरोपों का खंडन किया है।

---

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। बक्सर के चौसा में सबसे अधिक अठहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिण–पूर्वी भागों में एक दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके अतिरिक्त इन जगहों पर हवा की रफ्तार तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है। वहीं, किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अपराधी घायल हो गये। इन दोनों के पैर में गोली लगी है। इन दोनों का एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है।

---

गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के कोनहवा में एक स्कूल बस और कंटेनर के बीच हुई टक्कर में आठ छात्र और बस चालक घायल हो गया। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

भोजपुर जिले के कायम नगर के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से सात लाख रूपये मूल्य की शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।